# NICT संपर्क

साप्ताहिक समाचार पत्र

## एनआईसीटी परिवार की ओर से सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ




संपादक – संजय सोनी

नेटवर्क फॉर इंफॉर्मेशन एण्ड कम्प्यूटर टेक्नालॉजी

(एनआईसीटी)

# ''सिने-इंडिया'' टीम अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर!!!



भारतीय सिनेमा वर्तमान परिदृश्य में हर सम्भव ऊचाँईयों को छू रहा है, जिसमें इसके व्यवसाय को देखा जाए, तो हमें ज्ञात होगा, कि बढ़े बेनर की जो भी फिल्में है, वे ५० से ३०० करोड़ तक के बिज़नेस को आसानी से पार करने में सफल हो जाती है, जिसकी मुख्य वजह लोगों का फिल्मों के प्रति रूझान है, जो समय के साथ बदला है और साथ ही बदला है, सिनेमाघरों के प्रति नज़रिया, आज लोगों को पुराने सिनेमा हॉल की जगह मल्टीप्लेक्स में जाना ज्यादा पसंद है, क्योंकि शुरूआती सिनेमाघरों की अपेक्षा आज के सिनेमाघर ज्यादा सुविधाजनक व अत्याधुनिक होते जा रहे है, यही कारण है कि, आज सिनेमाघरों के लिए मेट्रो सिटी के अलावा टियर २ व ३ शहरों में भी मिनीप्लेक्स खोले जा रहे है, जिससे उन क्षेत्र के लोगों को दूर-दराज शहरों की ओर जाने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि उन्हें अपने ही नजदीकी क्षेत्र में सुविधाजनक मिनिप्लेक्स मिल रहे है और जिससे अनुचित आवागमन में भी कमी हुई है।

इन्हीं बातों का ध्यान रखते हुए एनआईसीटी अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है और अपने प्रोजेक्ट सिने-इंडिया के प्रयासों के माध्यम से टियर २ व ३ शहरों में मिनिप्लेक्स स्थापित करने में सफल हुआ है, जिसकी जानकारी हम आप सभी के समक्ष पिछले न्यूज़लेटर में देते रहे है। सिने-इंडिया टीम मध्यप्रदेश के अलावा गुजरात, राजस्थान, उत्तरप्रदेश व बिहार में मिनीप्लेक्स की चेन को स्थापित करने में सफ़ल हुई है, जो बहुत जल्द ही शुरू किए जाऐगें। जैसा की हम बता चुके है, कि एक मिनीप्लेक्स को स्थापित करने में कई प्रकार की शासकीय अनुमति, जिसमें क्षेत्रीय व कई विभागों की स्वीकृति आदि, से गुजरना पडता है व साथ ही कंस्ट्रक्शन में लग रही समयावधि को भी ध्यान रखना पड़ता है, तभी जाकर एक सिनेमाघर की शुरूआत की जाती है। 'सिने-इंडिया' टीम बहुत जल्द मिनीप्लेक्स की ऐसी सीरीज़ को लेकर आ रहा है, जो भारत के कई जिलों में स्थापित होगा और यह सम्भव होगा सिने-इंडिया की तकनीकी व अनुभवी टीम के के प्रयासों से।



दोस्तों, नये वर्ष में सिने-इंडिया टीम अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए अग्रसर है।

-

-- संजय सोनी, एनआईसीटी

## मध्यप्रदेश

### मध्यप्रदेश के देवास जिला में बैंक मित्रों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला।










एनआईसीटी- १० दिसम्बर २०१५ को जिला देवास, मध्यप्रदेश में ‘‘नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक’’ के क्षेत्रीय ऑफ़िस में जिले के समस्त बैंक मित्रों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन ‘भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक’ (SIDBI) के द्वारा आर्थिक सहयोग से हुआ। हम आप सभी को बता दें, कि सिडबी भारत की स्वतंत्र वित्तीय संस्था है, जो कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों के वृद्धि व विकास के लक्ष्य हेतु कार्यरत है।

उपस्थित श्री पी. के. पाण्डे (क्षेत्रीय प्रबंधक -NJGB) ने पधारे हुए शाखा प्रबंधकों को बैंक मित्रों के साथ एक आदर्श तालमेल स्थापित करने व हर सम्भव सहायता हेतु तत्पर रहने को कहा व श्री आलोक खरे ने बैंक मित्रों को मुख्य तकनीकी बातों से अवगत कराया।

कार्यशाला में मुख्यरूप से श्री पी.के. पाण्डे (क्षेत्रीय प्रबंधक -NJGB) श्री डी.के. दुबे वित्तीय समावेशक प्रभारी (NJGB) व एनआईसीटी से श्री आलोक ख़रे (डोमेन हेड- एनआईसीटी) व साथ ही अन्य शाखा प्रबंधक आदि उपस्थित रहे।

## गुजरात

### अहमदाबाद, गुजरात के समस्त 'बिज़नेस एसोसिएटस्' के लिए बैठक का आयोजन।









एनआईसीटी– १६ दिसम्बर २०१५ को एनआईसीटी के अहमदावाद कार्यालय में समस्स बी.ए. के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मूल उद्‌देश्य गुजरात के समस्त बिज़नेस एसोसिएटस् को सिने–इंडिया के अंतर्गत आने वाले कार्यो के बारे में जानकारी देना व तकनीकी विषयों से अवगत कराना था।


इस बैठक में श्री अनिल उपाध्याय (नेशनल हेड ) व श्री मनीष पाटोदी (नेशनल हेड–सिने–इंडिया) ने अपनी उपस्थिति देकर उपस्थित बिज़नेस एसोसिएटस् को हर सम्भव सहायता मुहैया कराने की बात की व साथ ही प्रोजेक्ट को स्थापित करने में किन–किन बातों का विशेष ध्यान रखना है, आदि बातों पर चर्चा भी की।

उपस्थित बी.ए. को बताया कि किस तरह से एक मिनीप्लेक्स को स्थापित करने के लिए संबंधित लाइसेंस की आवश्यकता होती है व कैसे उसे पूरे नियमों के आधार पर आंका जाता है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की गलती के लिए जगह न रह जाए।

## गुजरात

### एनआईसीटी एसडीपी श्री केतन काबानी IIBF परीक्षा में उत्तीर्ण हुए।





INDIAN INSTITUTE OF BANKING & FINANCE

**Candidate Exam Result**

| | |
|---|---|
| Membership No: | 801068871 |
| Name: | KABANI KETAN ARVINDBHAI |
| Address: | RAJKOT |
| Examination: | BUSINESS CORRESPONDENTS/FACILITATORS_DEC2015 |
| Subject Name: | Inclusive Banking |
| Examination Centre: | NSE.IT Ltd. - Rajkot - |
| Examination Date: | Dec 06, 2015 |
| Examination Time: | 2:30 PM |

801068871 Has Secured 69/100 in Inclusive Banking

This is only a provisional report

Final result will be displayed once your result is reviewed by IIBF

Thank you for taking the online exam.

एनआईसीटी एसडीपी श्री केतन काबानी ने आईआईबीएफ (INDIAN INSTITUTE OF BANKING & FINANCE) परीक्षा को सफलता पूर्वक उत्तीर्ण किया। आप एनआईसीटी के लिए सराहनीय कार्य करते आ रहे है।

श्री केतन, राजकोट में एनआईसीटी के एसडीपी को लेकर विभिन्न योजनाओं के लिए कार्यरत है। आपको बधाई।

## उत्तरप्रदेश

### कुरेभार विकासखण्ड,सुल्तानपुर में बैंक मित्रों हेतु कार्यशाला का आयोजन।

एनआईसीटी- कुरेभार विकासखण्ड सुल्तानपुर, उत्तरप्रदेश में 'बड़ौदा ग्रामीण बैंक' प्रधान कार्यालय में वित्तीय समावेशन के अंतर्गत श्री बंधु शर्मा (मुख्य प्रबंधक) व श्री ओ.पी. तिवारी- (आर.एम.) ने समस्त बैंक मित्रों से चर्चा की व महत्वपूर्ण टिप्स दिए।



**बैंक मित्रों को दिए गए टिप्स**

जागरूक

बड़ौदा ग्रामीण बैंक प्रधान कार्यालय पर वित्तीय समावेशन में बैंक मित्रों की भूमिका पर परिचर्चा

# पश्चिम बंगाल

## बी.सीओं के लिए 'एसबीआई' द्वारा कार्यशाला का आयोजन।





एनआईसीटी- २१ दिसम्बर २०१५ को बर्धमान, पश्चिम बंगाल में 'एसबीआई' द्वारा समस्त बीसीओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डीजीएम व सी.एम. वित्तीय समावेशन की उपस्थिति रही।

# दिल्ली

एनआईसीटी को एसबीआई दिल्ली प्रधान कार्यालय द्वारा 'अटल पेंशन योजना' के अंतर्गत जो सम्मान स्वरूप प्रतीक दिया गया था, उसके साथ एनआईसीटी दिल्ली टीम ने फोटो खिचवाया व सेलिब्रेट किया। मुख्य रूप से श्री महेन्द्र गुप्ता (मुख्य तकनीकि अधिकारी-एनआईसीटी) श्री वी.के. मलिक व कमाल सर मौजूद रहे।



## कर्नाटक

नववर्ष के प्रथम दिन ही एनआईसीटी कर्नाटक टीम ने 'एसबीआई' के 'ग्राहक सेवा केन्द्र' का उद्घाटन किया।









एनआईसीटी – ०१ जनवरी २०१६ को जामखान्डी, जिला बागलकोट, कर्नाटक में 'एसबीआई' के ग्राहक सेवा केन्द्र–CSP Code: 1A769536) का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय लोगों ने अपनी उपस्थिति दी व बैंकिंग से संबंधित जानकारी को प्राप्त किया। कियोस्क संचालक श्री रवीचन्द्र बी. पाटिल है।

## कर्नाटक, चित्रदुर्ग

जिला चित्रादुर्ग में सीएसपीओं हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन।

एनआईसीटी– ३१ दिसम्बर २०१६ को चित्रदुर्ग जिला, कर्नाटक के समस्त सीएसपीओं के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से श्री दयानन्द (सी.एम. –एसबीआई) श्री अर्जुन चौहान (एसपीएम–कर्नाटक) श्री सोमशेखर (एएसपीएम–कर्नाटक) व श्री रामकृष्णा (सीपी–चित्रादुर्ग) उपस्थित रहे।




## आपके सुझाव व शिकायतें महत्वपूर्ण है

आप सभी को ''संपर्क'' के माध्यम से पूरे देश में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी मिल रही होगी। क्योंकि यही एक माध्यम है, जो आम जन तक हमारे प्रयासों को पहुँचाने का जरिया बना है और अब हम चाहते है, कि आप सभी व जो भी एनआईसीटी से जुड़ा हुआ है, वह अपने सुझाव हमारे द्वारा दिये गये ई-मेल पर पहुँचाऐं। हम यह भी चाहते है, कि इस न्यूज़लेटर में जो भी आवश्यक विषयों को आप चाहते है या फिर हमारे द्वारा कोई श्रुटि हो रही हो, उसे भी आप इस माध्यम से व्यक्त कर सकते है।

इस प्रयास से हमारा सीधा विश्वास है, कि हम उन लोगों तक पहुँच सकते है, जो 'संपर्क' के माध्यम से एनआईसीटी के प्रयासों को भलिभांति समझ पा रहे है व अपने सुझावों के द्वारा हमारे प्रयासों को और प्रभावी बनाने में समर्थ है।

## किसी तहसील या नगर में अगर कोई व्यक्ति ''सिने इंडिया'' प्रोजेक्ट की शुरूआत करना चाहता है, तो वे हमारे इस माध्यम से भी संपर्क कर सकता है।

न्यूज़लेटर ''संपर्क'' के संबंध में अपने सुझावों व शिकायतों के लिये हमें ई-मेल कर सकते है।
communication@nict.ind.in
07771005418 - Sanjay Soni

नोट -

आप सभी के द्वारा इस न्यूज़लेटर के संबंध में जो प्रतिक्रिया हमें मिल रही हैं, वह हमारे मनोबल को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करती है। जिसके लिये आप सभी का धन्यवाद। कुछ लोगों द्वारा हमसें कुछ जानकारियाँ भी मांगी गयी थी, जो न्यूज़लेटर के विषय से संबंधित नहीं है, कृपया वे लोग हमारी वेबसाइड में दिये गये संबंधित नंबरो पर ही संपर्क करें।

अभी तक हमें जो भी शिकायते प्राप्त हुई है, उसे हमने संबंधित विभाग तक पहुँचा दिया है। जिसका समाधान बहुत जल्द किया जायेगा।

हमें पूर्ण विश्वास है, कि आगे भी आप सभी की प्रतिक्रियाएँ प्राप्त होती रहेगी।

NICT HOUSE
EB- 108,109, Scheme No 94,
Opposite Bombay Hospital,
Ring road Indore (M.P.) Pin-452010

communication@nict.ind.in